बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-21
08/01/2020

मुख्यमंत्री ने बिहार योग विद्यालय, विश्व योगपीठ, मुँगेर का किया भ्रमण

पटना, 08 जनवरी 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अपने जल–जीवन–हरियाली यात्रा के क्रम में बिहार योग विद्यालय, विश्व योगपीठ, मुँगेर का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने छाया समाधि जाकर स्वामी सत्यानंद सरस्वती के चित्र को नमन किया। वहाँ लगे टाइम कैप्सूल का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने बिहार योग विद्यालय, विश्व योगपीठ के प्रधान पद्म भूषण स्वामी निरंजनानंद सरस्वती से भी मुलाकात की।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार, सांसद श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित विश्व योगपीठ के अध्यापकगण उपस्थित थे।

******